पुस्तकालय

3144
31/3/11

(1)

सत्यमेव जयते

असंशोधित

18 MAR 2011

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 1–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर)

प्रतिवेदन शाखा
बि॰स॰प्रे॰सं॰ 312 तिथि 31-3-11

तारांकित प्रश्न सं० १४२३ का पूरक ..क्रमशः..

डॉ० इजहार अहमद : ..क्रमशः.. और जिससे होता है कि सुपौल (बिरौल) अनुमंडल बिल्कुल अंधकार में डूबा रहता है । क्या माननीय मंत्री जी यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ३५ मेगावाट कम से कम उस अनुमंडल को बिजली मुहैया करवायेंगे ?

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री : महोदय, जो विद्युत की एवेबलिटी की स्थिति है, उसमें अनुमंडल-वाइज अभी वितरण करना सम्भव नहीं है । लेकिन आगे आने वाले वक्त में माननीय सदस्य की भावना के अनुरूप प्रयास किया जायेगा कि सभी जगह विद्युत आपूर्ति ठीक-ठाक रहे ।

डॉ० इजहार अहमद : सदरे मोहतरम, कितना दिनों में कबतक ? कितने दिनों में हमारे वहाँ ३५ मेगावाट तक बिजली मुहैया हो जायेगा ?

अध्यक्ष : सरकार गम्भीर है, उसे देख लेगी ।

**तारांकित प्रश्न संख्या- १४२४ (श्री प्रदीप कुमार, स०वि०स०)**

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री : महोदय, १- स्वीकारात्मक है ।

२- माया बिगहा से पकरीवरावां तक ३३ के०वी०ए० लाईन का तार बदलने हेतु कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है । तीन माह के भीतर कार्य सम्पादित करा दिया जायेगा ।

श्री प्रदीप कुमार : माननीय अध्यक्ष महोदय, इस सन्दर्भ में हम कार्यपालक अभियंता, नवादा विद्युत विभाग में बात किये है, वे बोले हैं कि ३ कि०मी० तक ही तार हम बदलेंगे । मात्र ३ कि०मी० तक तार बदलेंगे, शेष माया बिगहा से पकरीवरावां तक जो १४ कि०मी० की दूरी है, १४ कि०मी० का तार तीन महीना में मंत्री जी बदलवा देंगे ? यही हम जानना चाहते हैं ।

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री : महोदय, यह भी एक बात अद्भुत है कि सरकार से प्रश्न पूछ रहे हैं माननीय सदस्य और कार्यपालक अभियंता ने क्या कहा और किसने क्या कहा, मैंने तो कहा कि तीन महीने में बदल दिया जायेगा ।

**तारांकित प्रश्न संख्या- १४२५ (श्री श्रवण कुमार, स०वि०स०)**

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री : यह तो एक बार उत्तरित हो चुका है, महोदय । एक बार महोदय, उत्तरित हो भी चुका है और माननीय विपक्ष के नेता इनइफिसियेंट, बेवकूफ हमको कह भी चुके हैं । अब कितना बार ये कहवायेंगे !

( व्यवधान )

**तारांकित प्रश्न संख्या- १४२६ (श्री ललित कुमार यादव, स०वि०स०)**

अध्यक्ष : माननीय मंत्री, ऊर्जा । (व्यवधान)

आर०जे०डी० वाले को छूट है, किसको क्या कहते हैं, सर्टिफिकेट देने का । अद्भुत है कि स्व० कर्पूरी जी की जगह बैठे हुये हैं, ठाकुर जी आजीवन वेल में जाने के सबसे बड़े विरोधी थे, अभी आपने क्वेश्चन आवर में अपने सभी एम०एल०ए० को कहा कि वेल में जाइये ।

श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, नेता विरोधी दल : ऐसा है कि जरा एन०डी०ए० सदस्यों को भी पार्लियामेंट में भी निदेश भेजवा देते !

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री : महोदय, १- स्वीकारात्मक है । (व्यवधान)

मुझे अपेक्षा थी कि जिस गुरू के चेला हैं, उसके सीखे हुये आचरण में कम से कम आप प्रोवोक मत करिये । मैं देख रहा था, आपने प्रोवोक करके लोगों को वेल में भेजा । यह खेदजनक स्थिति है ।

महोदय, १- स्वीकारात्मक है । मनिगाछी विद्युत शक्ति उपकेन्द्र के ३.१५ एम०भी०ए० पावर ट्रांसफर्मर पर भार का सर्वेक्षण कराया जा रहा है । सकरी विद्युत उपकेन्द्र स्थित ३.५ एम०भी०ए० पावर ट्रांसफर्मर की क्षमता वृद्धि की वर्त्तमान में कोई आवश्यकता नहीं है । मनिगाछी के ३.१५ एम०भी०ए० पर भार सर्वेक्षण कराने के बाद अतिरिक्त क्षमता का विस्तार आवश्यकता पड़ने पर कर दिया जायेगा ।

श्री ललित कुमार यादव : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने अपने उत्तर में स्वीकार किया कि खंड-१ का उत्तर स्वीकारात्मक है । हम माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहते हैं कि जब मनिगाछी का भार अत्यधिक के लिये सर्वे करके आपको प्रश्न का जो जवाब आया है, सर्वे में निश्चित रूप से आया होगा कि अत्यधिक भार है और सकरी विद्युत शक्ति उपकेन्द्र है, उसमें भी भार अत्यधिक है तो दोनों जगह माननीय मंत्री जी को प्रतिवेदन आया होगा कि दो घंटा भी, तीन-तीन फीडर है, एक घंटा से दो घंटा भी उसमें विद्युत लगातार नहीं दिया जाता है । इसका कारण है कि भार ज्यादा है ।

तो हम माननीय मंत्री जी से जानना चाहते हैं कि सकरी विद्युत शक्ति उप केन्द्र को आप पावर बढ़ाना चाहते हैं या नहीं ?

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री : माननीय सदस्य को पता होना चाहिये कि सकरी होकर भी हमलोग आजकल जाते हैं । मैंने कहा कि सकरी में कोई आवश्यकता नहीं है इसलिये कि जो कंज्युमर हैं, लेकिन मनिगाछी का हमने कहा कि सर्वे करके ले आइये, अतिरिक्त जरूरत होगी तो अगले वित्तीय वर्ष में उसमें परिवर्त्तन किया जायेगा । लेकिन जब माननीय सदस्य कह रहे हैं तो सकरी की भी जाँच करायी जायेगी और आवश्यकता होगी तो उसका भी इनहांसमेंट कराया जायेगा ।